## खबर संक्षेप



रादौर में चल रही श्रीमद भागवत कथा का गुणगान करते कथावाचक आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल। *फोटो : हरिभूमि*

### सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है: शुक्ल

**रादौर।** महाराजा अग्रसेन कॉलोनी रादौर में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी किया। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। आचार्य ने कहा कि दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ्य को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। मौके पर पंडित रविंद्र शर्मा, केशव शर्मा, पंडित अवस्थी, पंडित बृजराज, नरेंद्र गर्ग, अमरनाथ गुप्ता, भोपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### राजनीतिक दल भाईचारा बनाए रखें : उपायुक्त

**यमुनानगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता के साथ पालना करना सुनिश्चित करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के सहयोग की जरूरत है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो जिससे विभिन्न समुदायों, जातियों, धर्मों के बीच मतभेद, नफरत एवं तनाव पैदा हो। वोट हासिल करने के लिए जातीय एवं सांप्रदायिक अपील न की जाए। कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल न करे। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन का उपयोग झंडा फहराने, बैनर लगाने, नोटिस चिपकाने व नारे इत्यादि लिखने के लिए न करें। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को शाम 6 बजे प्रचार बंद हो जाएगा। डीसी ने कहा कि प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही राजनीतिक सभाओं का आयोजन किया जाए।

## शिवरात्रि के उपलक्ष्य में जिले भर में आयोजित हुए हवन यज्ञ व भंडारे

# हवन-यज्ञ करके श्रद्धालुओं ने खोला महाशिवरात्रि का उपवास

### हवन यज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान व मंत्रों उच्चारण के साथ आहूतियां डलवाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाशिवरात्रि का पर्व वीरवार को श्रद्धालुओं द्वारा उपवास खोलने के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान जिले भर में श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ और भंडारों का आयोजन किया। हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर व भंडारों में प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने उपवास खोलकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त की।



**यमुनानगर।** शिवमहारात्रि पर्व को लेकर आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### इन स्थानों पर भी हुआ भंडारे का आयोजन

*शहर के दुकानदारों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसी तरह पेपर मिल,बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर, कमानी चौक के नजदीक, यमुना नदी के तट पर बने मंदिर, गांव ईशरपुर के शिव मंदिर, भटौली, कलेसर, पातालेश्वर महादेव मंदिर समेत रादौर, बिलासपुर, साढ़ौरा, जठलाना आदि में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भंडारों का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों स्थित शिव मंदिरों में भी हवन-यज्ञ व भंडारों का आयोजन किया गया।*

### संतूर बनखंडी पंचमुखी शिव मंदिर में भी हुआ भंडारे का आयोजन

जिले के संतूर बनखंडी पंचमुखी शिव मंदिर शिव आश्रम में भी शिवरात्रि के अवसर एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में शिवलिंग की पूजा अर्चना करने के बाद हवन यज्ञ और भडंÞारे का आयोजन किया गया।

### औद्योगिक क्षेत्र में हुआ हवन-यज्ञ

*शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित शिव मंदिर में वीरवार को शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सर्व प्रथम हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष शिवरात्रि के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। शिव भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे। इसके लिए हवन यज्ञ भी आयोजित किया जाता है।*

हवन यज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान व मंत्रों उच्चारण के साथ आहूतियां डलवाई गई। परम शिव भक्त शंतुर बनखंडी मंदिर के सेवक राजबीर सिंह ने बताया कि समस्त श्रृष्ठि शिवमय है। शिव ही आदि है और शिव ही अंत है। वे जन्म और मृत्यु से परे हैं।

इस मौके पर जंगशेर सिंह, रूद्र नेहरा, महिंद्र सिंह, कमल, जसमेर सिंह, रणदीप सिंह, सत्यादेवी, सुलोचना, सुरिंद्र पाल आदि श्रद्धालु मौजूद थे।





**यमुनानगर।** बुड़यिा पुल के नजदीक सफाई अभियान चलाते हुए निरंकारी मिशन के सेवादार। *फोटो : हरिभूमि*

# अपने आसपास का क्षेत्र रखें स्वच्छ: अमर सिंह

- निरंकारी श्रद्धालुओं ने मेहर माजरा के तालाब के किनारे चलाया सफाई अभियान
- श्रद्धालुओं ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तीसरे चरण में मिशन की बुड़यिा शाखा की संगत व सेवादारों ने मेहर माजरा समेत विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई अभियान का शुभारंभ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह व संत निरंकारी मिशन ब्रांच जगाधरी के संयोजक बलराज मित्तल ने किया। संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु ब्रांच बुड़यिा संचालक बाल किशन व शिक्षक डॉ. सुर्जन के नेतृत्व में सेवादल सदस्यों व साध संगत सुबह के वक्त सेवादारों ने मेहर माजरा समेत विभिन्न स्थानों पर जमी गंदगी, पॉलिथीन बैग व अन्य गंदगी को साफ किया। साथ ही नहर के किनारों की सफाई की। इस दौरान सेवादारों ने साफ की गई गंदगी को ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से डिस्पोज किया गया। इसी तरह कुछ सेवादारों व संगत ने मेहर माजरा गांव की फिरनी, गलियों व दोनों तालाबों के किनारों की सफाई की। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह व मिशन के संयोजक बलराज मित्तल आदि ने भी खुद झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। अमर सिंह ने कहा कि संत निरंकारी मिशन निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर हर साल सफाई अभियान चलाता है।

# महाशिवरात्रि सभी पर्वों में विशेष

- ब्रह्मकुमारीज आश्रम छोटी लाइन में हुआ महाशिवरात्रि पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के छोटी लाइन स्थित ब्रह्मकुमारीज आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में संगत शामिल हुई। बीके अमन दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि सभी पर्वों में विशेष पर्व है।

क्योंकि यह स्वयं सर्वशक्तिमान स्वयंभू परमात्मा शिव के इस मनुष्य दृष्टि पर अवतरित होकर मनुष्य आत्माओं को उसके पाप कर्म व दुखों से मुक्त कर पुनः इस धरती पर स्वर्ग अथवा सतयुग स्थापित करने का यादगार है। उन्होंने कहा कि अज्ञान एअंधकार के कारण आत्मा विकरम करने के बाद दुख एवं अशांति की अनुभूति करती हैं। सत्य ज्ञान व ईश्वर का ध्यान ही आत्मा का सशक्तिकरण करता है। आत्म जागृति के लिए राजयोग का अभ्यास करना चाहिए। इस दौरान बीके रेनू, बीके शैली व बीके मानसी ने भी महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नाटक एवं दिव्य गीतों ने सबका मन मोह लिया। अंत में उपस्थित संगत ने ध्वज के नीचे खड़े होकर विकारों और व्यसनों से मुक्त रहने की प्रतिज्ञा ली।



**यमुनानगर।** ब्रह्मकुमारीज आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अमन दीदी। *फोटो : हरिभूमि*

# कलियुगी महासागर में गुरु ज्ञान का बड़ा महत्व

- शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा
- कथा में कथाव्यास स्वामी राधेश्याम आचार्य ने सुनाया भगवान श्री कृष्ण के सोलह हजार 108 विवाहों का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के घाढ़ क्षेत्र के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में वीरवार को कथाव्यास स्वामी राधेश्याम आचार्य ने श्रद्धालुओं को भगवान के सोलह हजार 108 विवाहों का प्रसंग सुनाया।

मौके पर कथा व्यास द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कथाव्यास स्वामी राधेश्याम आचार्य ने फरमाया कि जब नारद महाराज भगवान की रानियों के दर्शन करने के लिए उनके महल में पहुंचे तो नारद को सोलह हजार 108 महिलाओं में भगवान के रूप देखने को मिले। जिसे देखकर नारद जी अचरज में पड़ गए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से इस बारे में पूछा तो भगवान हंसने लगे। जिस पर नारद ने कारण पूछा तो भगवान ने कहा कि हे देवऋषि तुम्हें तीनों लोकों का ज्ञान है और इस पर भी तुम इस प्रकार की उलझन में पड़े हो। भगवान ने कहा कि हे देवऋषि तुम अपने नेत्र बंद करो तुम्हें सबकुछ ज्ञान हो जाएगा। जिस पर नारद जी अपने नेत्र बंद करते हैं तो उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भान होता है। जिसके बाद नारद जी खुश होकर भगवान के समक्ष नतमस्तक होकर गुणगान करते हैं। कथाव्यास ने फरमाया कि आज समाज में गुरूओं की बाढ़ आई हुई है। मगर जो गुरू लोगों की जिज्ञासा शांत ही न कर पाए तो उसे गुरू नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि गुरू जीवन में एक ही बार बनाया जाता है। जो मनुष्य को इस कलयुगी सागर को पार करवाए उसे गुरू कहा जाता है। मौके पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलाप का प्रसंग भी सुनाया। मौके पर भजनों के माध्यम से भगवान का गुणगान किया गया।



**यमुनानगर।** घाढ़ क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन श्रवण करते श्रद्धालु।

# बेहतर रैंकिंग के लिए सिटीजन दें फीडबैक

- निगम की टीम ने डोर टू डोर दुकानदारों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलवाने के लिए निगम द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। निगम की टीम ने इस दौरान लोगों को स्वच्छ भारत मिशन शहरी पोर्टल पर सिटीजन फीडबैक फॉर्म भरने की जानकारी दी। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर हुए इस कार्यक्रम में पहले सीएसआई सुनील दत्त व ब्रांड एंबेसडर शशी गुप्ता ने महिलाओं को पोर्टल पर सिटीजन फीडबैक की जानकारी दी। इसके बाद निगम की टीम ने रेलवे रोड स्थित दुकानदारों को डोर टू डोर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सिटीजन फीडबैक देने के प्रति जागरूक किया। सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि उनकी टीम ने रेलवे रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक दुकानों में जाकर दुकानदारों को फीडबैक देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी निवासी स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की साइट पर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपनी सकारात्मक फीडबैक दें। शशी गुप्ता ने कहा कि जितने ज्यादा नगर निगम क्षेत्र के निवासी इसमें फीडबैक देंगे उससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम को अच्छी रैंकिंग मिलेगी। जितना अच्छा रैंक नगर निगम को मिलेगा, उतनी अधिक विकास कार्यों को भी प्रगति मिलेगी।



**यमुनानगर।** रेलवे रोड स्थित बाजार में दुकानदारों को सिटीजन फीडबैक के फार्म भरने की जानकारी देती निगम की टीम।

# ड्राई-डे पर शराब की बिक्री पूरी तरह से रहेगी प्रतिबंधित: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पहली मार्च, दो मार्च और 12 मार्च को होगा ड्राई-डे

जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने कहा कि नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी और नगर पालिका रादौर में नगर निकाय क्षेत्र, जहां-जहां चुनाव होने हैं, ऐसे क्षेत्रों से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित सभी शराब की दुकानें, बार, पब आदि मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन व मतगणना के दिन बंद रहेंगी। जिलाधीश ने कहा कि नगर निकायों के आम चुनाव के दौरान शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में सभी शराब लाइसेंसधारियों को सूचित कर दिया गया है। ऐसे में नगर निकाय के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शराब की दुकानें, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने एवं परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को मतदान के दिन और मतगणना के दिन किसी को भी शराब बेचने व परोसने की अनुमति नहीं होगी। पहली मार्च, दो मार्च और 12 मार्च 2025 को शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में ड्राई-डे के बारे में जानकारी देते उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

# 1500 मीटर दौड़ में आदित्य प्रथम

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रही प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में चल रही 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान वीरवार को लड़कों की जैवलिन थ्रो, 1500 मीटर दौड़ व लड़कियों की जैवलिन थ्रो, 60 मीटर थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कॉलेज के डीपी डॉ.महेंद्र सिंह आलमपुर की देखरेख में आयोजित खेल प्रतियोगिता में लड़कों की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, वंश द्वितीय व रोहित तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में सौरभ कुमार पहले, सौरभ दूसरे व वंश तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 60 मीटर थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिता में राखी व शीतल पहले, रजविंदर व स्वाति दूसरे तथा रितिका व निशा तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में मन्नत पहले, रीतिका दूसरे व स्वाति तीसरे स्थान पर रही।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

## महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी में लेक्चर का आयोजन

# डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर

- डिजिटल मार्केटिंग और वेब डेवलपमेंट इस दौर में अपनी जगह बना रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी में कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में डिजिटल मार्केटिंग पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया।

इस दौरान इजी क्लीक सॉल्यूशन यमुनानगर से आए आईटी प्रोफेशनल नीरज सचदेवा, गौरव गेरा, सौरव कुमार और मनदीप कौर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष प्रो.रणदीप ने की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.करुणा ने इजी क्लीक सॉल्यूशन से आई टीम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता का दौर है और इस आधुनिक समय में हर जगह में आधुनिककरण हुआ है। डिजिटल मार्केटिंग और वेब डेवलपमेंट इस दौर में अपनी जगह बना रहा है। इन क्षेत्रों में रोजगार के ज्यादा अवसर हैं और महाविद्यालय ने इस प्रकार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए इजी क्लिक सॉल्यूशन के साथ एमओयू साइन किया है।




**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### बड़े स्तर पर हो रहा तकनीक का प्रयोग

मुख्य वक्ता आई टी प्रोफेशनल नीरज सचदेवा ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग की कार्य प्रणाली को प्रैक्टिकल रूप में बताया। उन्होंने कहा कि आज बड़े स्तर पर इस तकनीक का उपयोग हो रहा है। डिजिटल मार्केटिंग में इंटरनेट और संचार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक रूपों के माध्यम से संभावित ग्राहकों को एक साथ जोड़ना शामिल है। इसमें न केवल ईमेल, सोशल मीडिया और वेब आधारित विज्ञापन शामिल होते हैं, बल्कि टेक्स्ट संदेश और मल्टीमीडिया संदेश भी शामिल होते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए इस तकनीक में रोजगार के काफी अवसर हैं। कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष प्रो.रणदीप ने सभी अतिथियों का आभार जताया। मौके पर प्रो.ललित और प्रो.अभय आदि मौजूद थे।

